कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर जिला, जयपुर (राज0)

क्रमांकः 487 / स्था0 दिनांक 23 सितम्बर, 2025

: : **विज्ञप्ति** : :

सामान्य नियम (दीवानी एवं दाण्डिक), 2018 के आदेश–20, नियम–52 एवं आदेश 45, नियम–1 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत जयपुर जिला, जयपुर न्यायक्षेत्र के जयपुर मुख्यालय पर अवस्थित न्यायालयों एवं जयपुर से बाहर सांभरलेक, शाहपुरा, चौमूं, दूदू, किशनगढ–रेनवाल, फागी, जमवारामगढ एवं जोबनेर पर अवस्थित न्यायालयों के लिए **कैलेण्डर वर्ष 2026** हेतु **शपथ आयुक्तों** की नियुक्ति माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर (राज0) के परिपत्र संख्या 47/पी.आई. दिनांक 10.11.1970 एवं आदेश संख्या 02/Misc./2008 दिनांक 04.04.2008 में वर्णित मानदण्ड के अनुसार की जानी है। अतः इस प्रयोजनार्थ इच्छुक अधिवक्तागण से अग्रलिखित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक **31.10.2025** तक आमंत्रित किये जाते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

01– नाम
02– पिता का नाम
03– जन्म तिथि
04– शैक्षणिक योग्यता
05– पंजीकरण क्रमांक
06– पंजीकरण की तिथि
07– विधि व्यवसाय प्रारम्भ करने की तिथि
08– वकालत का अनुभव
09– निवास का पूर्ण पता (टेलीफोन/मोबाइल नम्बर सहित)
10– न्यायालय परिसर में बैठक का स्थान
11– पूर्व में यदि शपथ आयुक्त नियुक्त किया गया है, तो कब कब, उसका पूर्ण विवरण।

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर व दिनांक

नोटः– आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र के साथ **पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जन्म तिथि हेतु आवश्यक दस्तावेज की छाया प्रति** तथा अग्रलिखित अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करनी आवश्यक है।

1. आवेदक पूर्व में नैतिक दुराचरण में लिप्त नहीं रहा है।
2. नियुक्त किये गये शपथ आयुक्तों में से कम से कम एक शपथ आयुक्त आवश्यक रूप से न्यायालय समय में न्यायालय परिसर में उपस्थित रहेंगे।

जयपुर स्थित न्यायालयों के लिए अभिभाषक अपने आवेदन पत्र दिनांक 31.10.2025 को सांय 04:00 बजे तक सीधे ही जिला न्यायालय, जयपुर जिला–जयपुर की संस्थापन शाखा में प्रस्तुत करें। निश्चित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जयपुर मुख्यालय से बाहर अवस्थित न्यायालयों हेतु आवेदन पत्र प्रत्येक स्थानीय मुख्यालय पर वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी के समक्ष दिनांक **31.10.2027** तक प्रस्तुत किये जावेंगे, जो अपनी टिप्पणी एवं अभिशंसा सहित इस कार्यालय को दिनांक **04.11.2025** तक आवश्यक रूप से भिजवायेंगे। इस सम्बन्ध में स्मरण पत्र की प्रतीक्षा न की जावे। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप मे पूर्ण सूचना सहित पेश होने पर ही उन पर विचार किया जायेगा।

–sd–
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
जयपुर जिला, जयपुर (राज0)

...../2

क्रमांकः 6245 to 6249 /स्था0 दिनांक 23 सितम्बर, 2025

प्रतिलिपि अग्रलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. समस्त न्यायालय (विशिष्ट न्यायालयों सहित) जयपुर जिला, जयपुर न्यायक्षेत्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पानगी हेतु।
2. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन जयपुर/दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जयपुर।
3. इस न्यायक्षेत्र के समस्त मुख्यालयों के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी को, उनके मुख्यालय पर अवस्थित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/सचिव को प्रति उपलब्ध कराने हेतु।
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, जयपुर जिला, जयपुर को इस न्यायक्षेत्र की वेबसाईट पर अपलोड/न्यायालयों को ई–मेल करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
जयपुर जिला, जयपुर (राज0)